# BFL ASSET FINVEST LIMITED

**Regd. Office: 1, Tara Nagar, Ajmer Road, Jaipur - 302 006 (Rajasthan), Ph.: 9214018877**
**CIN: L45201RJ1995PLC010646, Website: www.bflfin.com, E-mail: bfldevelopers@gmail.com**

**Ref. No.: BFL/2026-27/30**
**Date: August 08, 2026**

**To,**
**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street,**
**Mumbai-400001 (Maharashtra)**

**Scrip Code: 539662**

**Sub.: Newspaper Advertisement pertaining to Extract of Un-Audited Financial Results for Quarter ended on June 30, 2026.**

**Dear Sir/Ma'am,**

Pursuant to Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copy of newspaper advertisement pertaining to Extract of Un-Audited Financial Results of the Company also containing a Quick Response (QR) Code for Quarter ended on June 30, 2026, published in the following newspapers on August 08, 2026:

1. Financial Express in English Language (All Edition)
2. Business Remedies in Hindi Language (Daily newspaper of the State)

The same has been made available on the Company website **www.bflfin.com**.

This is for your intimation and records.

**Thanking you,**
**Yours Sincerely,**
**For BFL ASSET FINVEST LIMITED**

MAHENDRA KUMAR BAID

Digitally signed by MAHENDRA KUMAR BAID
DN: c=IN, o=Personal, postalCode=302004, st=Rajasthan, serialNumber=F2A7377741C43458B5F0741DF49921CBA1C52363D6391CB3E186DBB8CCBC0884, cn=MAHENDRA KUMAR BAID
Date: 2026.08.08 12:32:33 +05'30'

**MAHENDRA KUMAR BAID**
**MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 00009828**

**Encl:- A/a**

# BFL ASSET FINVEST LIMITED

Regd. Office : 1, Tara Nagar, Ajmer Road, Jaipur- 302006, Ph.: 9214018877
CIN: L45201RJ1995PLC010646, W: www.bflfin.com, E: bfldevelopers@gmail.com

**Extract of Un-Audited Standalone Financial Results for the Quarter ended on June 30, 2026 prepared in compliance with the Indian Accounting Standard (Ind-AS)**

(Rs. in Lakh, except per share data)

| Particulars | Quarter Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|
| | 30.06.2026 (Un-Audited) | 30.06.2025 (Un-Audited) | 31.03.2026 (Audited) |
| 1 Total Income from operations | 1349.03 | 962.95 | 1982.15 |
| 2 Net profit/(Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 1249.92 | 659.48 | -559.85 |
| 3 Net profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1249.92 | 659.48 | -559.85 |
| 4 Net profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 1249.92 | 659.48 | -557.66 |
| 5 Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | 1249.92 | 659.48 | -557.66 |
| 6 Paid-up Equity Share Capital (face value of Rs.10/- each) | 1020.35 | 1020.35 | 1020.35 |
| 7 Reserves (Excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | - | - | 22.12 |
| 8 Earnings Per Share (Face Value of Rs.10/- each) (for continuing and discontinuing operations)- 1. Basic: 2. Diluted: | 12.25 | 6.46 | -5.47 |

**Note:** (1) The above is an extract of the detailed format of Un-Audited Financial Results for the Quarter ended on June 30, 2026 which have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors of the company at their respective meetings held on Friday, August 07, 2026 subjected to Limited Review by the Statutory Auditor and filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Un-Audited Financial Results are available on the website of the Stock Exchange at www.bseindia.com and on the website of the Company at www.bflfin.com.(2) The Un-Audited standalone financial results of the Company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (the ""Ind AS"") prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013.

For BFL Asset Finvest Limited
Sd/-
Date : August 07, 2026
Place : Jaipur
Mahendra Kumar Baid (Managing Director) DIN:- 00009828

# Himachal Pradesh Tourism Developmer
## Department of Tourism and Civil Aviation G
## Himachal Pradesh

**P57133-001-Sustainable and Inclusive Tourism Development Project in Him**

**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

**Date of publication: 10.08.2026**

1. The Himachal Pradesh Tourism Development Board (HPTDB) under Department of Tourism and Civil A ("the Employer"), invites the online bids on item rate, in electronic tendering system "Open Competitive (1S2E)" for the under mentioned work from the eligible Bidders.
2. The details of Contract Package are as follow:-

| S. No | Name of Work | Bid Security (INR) | Document and Download Start time | Pre-bid Meet (online/ offline) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | "Construction of Wellness centre, and Water Park at Nadaun, District Hamirpur, Himachal Pradesh Contract Package Invitation for Bids No. SITDP-HP_W08/2026/. | 12.01 million | 10.08.2026 at 18:00 Hrs. | 20.08.202 at 15:00 Hr |
| 2. | Period of completion. | | | 24 mo |

3. **Availability of Bid Document. Key dates, mode of submission and all other details:** The Bid docum submitted in online mode on website **https://hptenders.gov.in**.
4. Date of Opening of Financial Bids (Will be later intimated to all technically responsive bidders).

Sustainable and Inclusive Tourism
Himachal Prade

Ka

1631/HP

Email: projectdirector.adbhp@gmail.c

# PREMIER ENERGIES LIMITED

(CIN) : L40106TG1995PLC019909
Regd office: Plot No. 8/B/1 and 8/B/2, E-City, Raviryala Village, Maheshwaram Mandal, Rangareddy District, Telangana - 501359. www.premierenergies.com, Tel: + 91 9030994222, E-mail: investors@premierenergies.com

**EXTRACT OF THE UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2026**

(₹.In million)

| Sr. No. | PARTICULARS | CONSOLIDATED | | | | STANDALONE | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | QUARTER ENDED 30-06-2026 Unaudited | QUARTER ENDED 31-03-2026 Unaudited | QUARTER ENDED 30-06-2025 Unaudited | YEAR ENDED 31-03-2026 Audited | QUARTER ENDED 30-06-2026 Unaudited | QUARTER ENDED 31-03-2026 Unaudited | QUARTER ENDED 30-06-2025 Unaudited | YEAR ENDED 31-03-2026 Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 25,076.37 | 22,689.01 | 18,695.20 | 80,259.06 | 1,899.62 | 2,839.40 | 1,953.92 | 8,540.65 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 6,203.82 | 5,978.69 | 4,029.51 | 19,732.06 | 376.68 | 772.26 | 315.36 | 2,028.38 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 6,203.82 | 5,978.69 | 4,029.51 | 19,732.06 | 376.68 | 772.26 | 315.36 | 2,028.38 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 4,719.18 | 4,568.37 | 3,077.93 | 15,096.89 | 286.94 | 519.74 | 234.62 | 1,431.21 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income(after tax)] | 4,398.17 | 4,333.48 | 3,074.42 | 15,130.81 | 296.75 | 497.28 | 233.49 | 1,409.72 |
| 6 | Equity Share Capital | 453.95 | 452.99 | 450.77 | 452.99 | 453.95 | 452.99 | 450.77 | 452.99 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | | | 42,624.17 | | | | 18,896.52 |
| 8 | Earnings Per Share (Face Value of ₹ 1/- each) (not annualised) | | | | | | | | |
| | a) Basic | 10.45 | 10.14 | 6.83 | 33.63 | 0.64 | 1.15 | 0.52 | 3.19 |
| | b) Diluted | 10.45 | 10.14 | 6.83 | 33.63 | 0.64 | 1.15 | 0.52 | 3.19 |

**Notes**

1. The above financial results for the quarter ended June 30, 2026 has been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on August 06, 2026.
2. The above is an extract of the detailed format of the financial results for the quarter ended June 30, 2026 filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the standalone and consolidated unaudited financial results for the quarter ended June 30, 2026 are available on www.premierenergies.com, www.nseindia.com and www.bseindia.com.
3. Figures in the results are rounded off to the nearest ₹ Million, except Earnings Per Share.

For and on behalf of the Board of Directors
Premier Energies Limited
Sd/-
Chiranjeev Singh Saluja
Managing Director
DIN: 00664638

Place : Hyderabad
Date : August 06, 2026

*scan to view financial results*

BUSINESS

## न्यूज ब्रीफ

## कल से शुरू होगा 'हर घर तिरंगा' अभियान

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज।** स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिलेभर में 9 अगस्त से 'हर घर तिरंगा' अभियान-2026 का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान के प्रथम दिन ग्राम एवं वार्ड स्तर पर जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा रैलियां निकाली जाएंगी तथा आमजन को राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिला कलैक्टर संदेश नायक ने अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य मों में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज के सम्मान से जोड़ना तथा देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना हैं। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त को अभियान के तहत ग्राम एवं वार्ड स्तर पर तिरंगा अभियान के प्रति जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित होंगी। तिरंगा रैली निकाली जाएगी, अभियान की शपथ दिलाई जाएगी तथा सार्वजनिक स्थलों पर भजन एवं देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कलैक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि अभियान के प्रथम दिवस के सभी कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## उदयपुर टैक्स बार एसोसिएशन का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला आज

**उदयपुर | बिजनेस रेमेडीज।** उदयपुर टैक्स बार एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार, 8 अगस्त को यूसीसीआई में टैक्सेशन एंड बिजनेस ऑपरेशंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए दीपक एरन ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य वक्ता एवं फैकल्टी के रूप में जयपुर के एआई विशेषज्ञ सीए रोहित प्रधान शिरकत करेंगे। सत्र के दौरान सीए प्रधान कर सलाहकारों, अधिवक्ताओं और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को विभिन्न टैक्स कानूनो की लीगल ड्राफ्टिंग, नोटिस रिप्लाई तैयार करने, डेटा एनालिसिस और ऑडिटिंग में एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग की बारीकियां सिखाएंगे। साथ ही एआई का उपयोग किन परिस्थितियों में किन किन टूल्स के द्वारा करना है, इस पर भी विशेष प्रकाश डालेंगे।

# पीएम सूर्यघर योजना, दो साल में लाखों परिवारों को फायदा

**केंद्र ने कहा, लाखों घरों का बिजली बिल हुआ शून्य | दुनिया का सबसे बड़ा रूफटॉप सोलर कार्यक्रम भारत में | 75,021 करोड़ रुपए का बजट है पीएम सूर्य घर योजना का**

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सरकार ने बताया कि दुनिया के सबसे बड़े घरेलू रूफटॉप सोलर कार्यक्रम के तहत अब तक 50.06 लाख से अधिक परिवारों को लाभ मिल चुका है। योजना शुरू होने के महज 2 वर्षों के भीतर इस उपलब्धि को हासिल करना सरकार के स्वच्छ ऊर्जा मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। हालांकि योजना में अभी बैंक सपोर्ट कम मिल रहा है। क्योंकि 80 प्रतिशत लोग बैंक लोन के माध्यम से ही सोलर लगवाते हैं।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि यह प्रगति पिछले दशक की तुलना में कहीं अधिक तेज रही है। योजना शुरू होने से पहले पूरे दस वर्षों में जहां केवल 7.94 लाख रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन हुए थे, वहीं पीएम सूर्य घर योजना ने बेहद कम समय में इससे कई गुना अधिक परिवारों तक पहुंच बनाई है। सरकार ने बताया कि 75,021 करोड़ रुपए के बजट वाली यह योजना दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली स्वच्छ ऊर्जा पहलों में शामिल होती जा रही है।

### छह दिन में एक लाख परिवार योजना से जुड़ रहे

सरकार ने कहा कि योजना की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में लगभग हर 6 दिन में एक लाख परिवार इस योजना से जुड़ रहे हैं। पिछले 9 महीनों में रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन की रफ्तार भी तीन गुना से अधिक बढ़ी है। अक्टूबर 2025 में जहां प्रतिदिन औसतन 5,038 इंस्टॉलेशन हो रहे थे, वहीं जुलाई 2026 में यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 16,328 इंस्टॉलेशन प्रतिदिन तक पहुंच गया। जुलाई 2026 इस योजना




के लिए अब तक का सबसे सफल महीना साबित हुआ। केवल इसी महीने में 5.06 लाख परिवारों को योजना का लाभ मिला, जो योजना शुरू होने के बाद किसी भी एक महीने का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

### अब तक 28,024 करोड़ की सब्सिडी जारी

योजना के विस्तार को गति देने के लिए सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में अब तक 28,024 करोड़ रुपए की सब्सिडी जारी की है, जिसका सीधा फायदा उपभोक्ताओं को मिला है और सोलर सिस्टम लगाने की लागत काफी कम हुई है। सरकार के अनुसार, योजना के चलते अब लगभग 19 लाख परिवारों का बिजली बिल शून्य हो चुका है। वहीं, 12 लाख से अधिक परिवारों ने अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 421 करोड़ रुपए की आय अर्जित की, जिससे प्रति परिवार औसतन करीब 3,500 रुपए सालाना अतिरिक्त कमाई भी हुई है।

### 12 राज्यों में योजना लागू करने की मंजूरी

योजना का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक पहुंचाने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। सरकार के मुताबिक, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) और अनुसूचित जाति/जनजाति (एससी/एसटी) परिवारों के लिए चार राज्यों में लगभग 1.6 लाख इंस्टॉलेशन पूरे किए जा चुके हैं। इस मॉडल को अब 12 राज्यों में लागू करने की मंजूरी भी मिल चुकी है।

### रोजगार व कारोबार के नए अवसर पैदा हो रहे

पीएम सूर्य घर योजना केवल स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा नहीं दे रही, बल्कि रोजगार और कारोबार के नए अवसर भी पैदा कर रही है। सोलर उद्योग से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में मांग बढ़ने से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल रहा है।

योजना के तहत अब तक 34,219 विक्रेताओं (वेंडर्स) का पंजीकरण हुआ है, जिनमें से 29,469 सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। वहीं, विभिन्न क्षमता-विकास कार्यक्रमों के तहत 2.32 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मंत्रालय ने बताया कि योजना के तहत अब तक कुल 14.8 गीगावाट रूफटॉप सोलर क्षमता स्थापित की जा चुकी है। सरकार का मानना है कि यह पहल देश को स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने के साथ-साथ आम परिवारों के बिजली खर्च को कम करने और उनकी आय बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा रही है।



पीएम मोदी ने भारत के भविष्य का जो विजन देखा था। उसमें रिन्यूएबल एनर्जी महत्वपूर्ण योगदान रखती है। आज हर देश एनर्जी के क्षेत्र में स्वतंत्र होना चाह रहा है। भारत की एनर्जी स्वतंत्रता में सोलर का महत्वपूर्ण योगदान है। दो साल पहले पीएम सूर्य घर योजना को लॉन्च किया गया था। उसके आज 50.06 लाख ग्राहक हो गए हैं। आगामी दिनों में यह आंकड़ा और बढ़ेगा।

**- नितिन अग्रवाल, सीईओ, राजस्थान सोलर एसोसिएशन**



ये आंकड़ा 50 लाख से भी ऊपर जा सकता था। अगर बैंक अच्छे से सपोर्ट करें। बैंक योजना के लिए लोन देने में बहुत ढिलाई कर रहे हैं। इस कारण प्रोसेस स्लो है। हमारा टारगेट दिसंबर तक 75 लाख और मार्च तक एक करोड़ ग्राहकों को इस योजना से जोड़ने का है। यह तभी संभव हो पाएगा, जब बैंक योजना के प्रति थोड़ा सीरियस हों। इस योजना में 80 प्रतिशत लोग लोन लेकर ही सोलर लगवाते हैं। इसलिए बैंकों का सपोर्ट बहुत जरूरी है।

**- अजय यादव, अध्यक्ष, राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी एसोसिएशन**

# जीवन को उन्नत व श्रेष्ठ बनाना है तो अपने आचरण को सुधारोः श्रद्धेय कौशल मुनि

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

मानसरोवर स्थित महावीर भवन में आचार्य प्रवर 1008 श्री विजयराज म.सा. के आज्ञानुवर्ती श्रद्धेय कौशल मुनि म.सा. आदि ठणा ने चातुर्मास प्रवचन के दौरान शुक्रवार को आचारांग सूत्र पर कहा कि भगवान महावीर ने कहा कि अपने आचरण को सुधारो। इसके आधार पर ही हम अपने जीवन को उन्नत व श्रेष्ठ बना सकते हैं। कोडहं को पहचानो- मैं कौन हूं, उसका प्रति उत्तर यानि में आत्मा हूं। इसी तथ्य को पहचानना है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे घड़ी में अलार्म होता है, उससे पता चल जाता है कि कब सोना है और कब उठना है? ज्ञानीजनों ने कहा कि जीवन रूपी घड़ी में अलार्म भरना है कि मैं कौन हूं और अपने आप से यह प्रश्न करें कि मैं कौन हूं, इस प्रश्न का उत्तर आपको खुद बे खुद मिल जाएगा। जीवन रूपी फैक्ट्री का मालिक आत्मा है, अगर यह सो जाए तो उसे मन संभालने लगता है। मन बड़ा विचलित है, इसमें भटकाव आ जाता है। उसी के अनुरूप मनुष्य कार्य करने लग जाता है। इसलिए अपनी आत्मा को पहचानो यानि स्वयं को पहचाना बहुत जरूरी है। मानव का स्वभाव है कि वह औरों को पहचाने का प्रयास करता रहता है, जबकि वह अपने आपको पहचाने का प्रयास नहीं करता है। अगर वह अपने आप को पहचान लें तो उसका कल्याण हो जाए। उसे अपने अस्तित्व का बोध हो जाएगा और आत्मा का ज्ञान हो जाएगा। महाराजश्री ने संबंध के बारे में कहा कि जो भी संबंध बनाए जाते हैं, वे एक दिन टूट भी जाते हैं। जैसे यह मेरा सगा भाई है, ये मेरे माता-पिता है, आपने उसे वास्तविक मान लिया। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए दुनिया में वास्तविक कुछ नहीं है। यह सारे संबंध टेंपरेरी है। संसार में ऐसा कोई स्थान नहीं जहां आत्मा ने जन्म मरण नहीं किया हो। किसी ने हमारा अहित कर दिया तो हम उसे दुश्मन समझने लग जाते हैं। उसके साथ-साथ कोई ना कोई संबंध रहा है, ममत्व के साथ संबंध जोडने़ वाले नहीं है। कोई भी संबंध सदा रहने वाला नहीं है। संबंधों के साथ मोह जोड़ते हैं, जोकि कुछ ही दिनों तक रहता है।

महाराजश्री ने इस संबंध में राजा भर्तहरि और रानी पिंगला का उदाहरण देकर श्रावक-श्राविकाओं को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति समय को रोक नहीं सकता। रोज उसके पास 86400 सैकंड जमा होते हैं, जिनका उपयोग नहीं किया तो वेस्ट हो जाएंगे। जो मानव समय को नष्ट करता है, वह एक दिन स्वयं नष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम प्रमाद का त्याग कर संपदा को प्राप्त कर सकते हैं, जो समय बीत जाता है, उसे पुनः लौटाया नहीं जा सकता। प्रवचन के अंत में महावीर भवन, मानसरोवर संघ के मंत्री प्रकाश लोढ़ा ने उपस्थित सभी श्रावक-श्राविकाओं को नियमित रूप से अधिक से अधिक प्रवचन श्रवण के लिए आने तथा सायंकालीन प्रतिक्रमण, संवर आराधना में शामिल होने का आग्रह किया।

**संकलनकर्ता-सुजानराज मेहता**

# सीए सदस्यों के लिए 'FIDUCIA 2.0' राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की जयपुर शाखा द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 'FIDUCIA 2.0' का शुभारम्भ 7 अगस्त 2026 को बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ICAI के सेंट्रल काउंसिल सदस्य, रीजनल काउंसिल सदस्य, जयपुर शाखा की प्रबंधन समिति, देशभर से पधारे प्रख्यात वक्ताओं तथा बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की गरिमामयी उपस्थिति रही।

राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की थीम "Exploring Emerging Dimensions of International Ta&ation" रखी गई है, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय कराधान के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम वैश्विक परिवर्तनों, चुनौतियों एवं अवसरों पर गहन विमर्श करना है। यह राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की इंटरनेशनल टैक्सेशन कमेटी एवं डायरेक्ट टैक्स कमेटी के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। सम्मेलन के दौरान अंतरराष्ट्रीय कराधान से जुड़े समसामयिक विषयों, वैश्विक कर सुधारों, डिजिटल अर्थव्यवस्था के कराधान, ट्रांसफर प्राइसिंग, कर संधियों, सीमा-पार निवेश, वैश्विक न्यूनतम कर (Global Minimum Tax) तथा बदलते कर परिदृश्य पर देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपने विचार एवं अनुभव साझा करेंगे।

इस राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के विशिष्ट अतिथि सीए ओ. पी. अग्रवाल, प्रेसिडेंट, ITAT बार एवं चांसलर, JECRC यूनिवर्सिटी रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड



अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की जयपुर शाखा को इस सफल एवं भव्य आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कॉन्फ्रेंस चेयरमैन एवं सेंट्रल काउंसिल सदस्य सीए सतीश कुमार गुप्ता ने कहा कि 'FIDUCIA 2.0' जैसे राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। "Exploring Emerging Dimensions of International Taxation" थीम पर आधारित यह कॉन्फ्रेंस अंतरराष्ट्रीय कराधान के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम वैश्विक परिवर्तनों, उभरती चुनौतियों एवं नए अवसरों को समझने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक कर सुधार, ट्रांसफर प्राइसिंग, डिजिटल अर्थव्यवस्था का कराधान, कर संधियों में हो रहे बदलाव तथा अंतरराष्ट्रीय अनुपालन आवश्यकताओं जैसे विषय आज प्रत्येक कर विशेषज्ञ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वहीं सेंट्रल काउंसिल सदस्य सीए (डॉ.) रोहित रूवाटिया अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए ज्ञानवर्धन, अनुभवों के आदान-प्रदान एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मंच है।

आईसीएआई जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए राजा मोरध्वज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए यह प्रतिष्ठित दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ICAI की इंटरनेशनल टैक्सेशन कमिटी एवं डायरेक्ट टैक्स कमिटी के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है, जिसकी मेज़बानी जयपुर शाखा को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक कॉन्फ्रेंस में देशभर से लगभग 2,000 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

उन्होंने आगे बताया कि पहले दिन आयोजित विभिन्न तकनीकी सत्रों में देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों एवं वक्ताओं ने समसामयिक विषयों, नवीनतम वैश्विक विकासक्रम एवं व्यावहारिक अनुभवों पर अपने विचार साझा किए।

प्रथम तकनीकी सत्र में ICAI के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए अतुल कुमार गुप्ता ने "A 360° Perspective on Ta&ation: GST, Direct Ta&es and International Ta&ation" विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने जीएसटी, प्रत्यक्ष कर एवं अंतरराष्ट्रीय कराधान के परस्पर संबंधों, वर्तमान कर व्यवस्था में हो रहे महत्वपूर्ण परिवर्तनों तथा व्यवसायों एवं कर पेशेवरों के समक्ष उभरती चुनौतियों एवं अवसरों पर प्रकाश डाला।

द्वितीय तकनीकी सत्र में सीए नटवर ठाकरार, मुंबई ने "Decoding NRI Ta&ation: Key Issues under the Income Tax Act" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अनिवासी भारतीयों (NRI) से संबंधित आयकर अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों, कर निर्धारण, आवासीय स्थिति (Residential Status), कर देयता तथा व्यावहारिक चुनौतियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इसके पश्चात आयोजित पैनल डिस्कशन में सीए स्मिता पाटनी ने "Interplay of Ta&ation and FEMA Laws in Setting of GCC" विषय पर चर्चा का संचालन किया। इस सत्र में सीए हार्दिक मेहता एवं सीए नमन श्रीमाल ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की स्थापना के संदर्भ में कराधान एवं FEMA के प्रावधानों, नियामकीय अनुपालन, निवेश संरचना तथा व्यावहारिक चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए।

सेशन चेयरमैन सीए अंकित माहेश्वरी की अध्यक्षता में आयोजित इस तकनीकी सत्र में डॉ. सौरभ महेश्वरी ने "ChatGPT Knows Your Client Better Than You Do!: The Uncomfortable Truth About AI, Data Privacy and Professional Confidentiality" विषय पर अपने व्याख्यान में बताया कि ChatGPT जैसे Generative AI टूल्स पेशेवरों की कार्यक्षमता और उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

## जयपुर में एजुकेशन फेस्टिवल 'स्कून्यूज़ ग्लोबल एड फेस्ट' के 10वें संस्करण का आगाज



**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

ज्ञान ऐसा अमूल्य धन है, जो बांटने से कभी कम नहीं होता, बल्कि निरंतर बढ़ता जाता है।

यह बात डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने 'स्कून्यूज़ ग्लोबल एड फेस्ट' के 10वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में कही। इस अवसर पर स्कून्यूज़ के संस्थापक और सीईओ, रवि संतलानी भी उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र के दौरान 'स्कून्यूज़ द्वारा सिम्बायोनिक के सहयोग से 'विलिंगनेस प्रोजेक्ट' का शुभारंभ किया गया। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत कार्यक्रम के दौरान दस ऊपरी अंगों से दिव्यांग लोगों को मंच पर अनुकूलित कृत्रिम हाथ प्रदान किए गए। इस फेस्ट का केंद्र 'एबल एजुकेशन समिट' है, जिसकी थीम 'वन वर्ड.फोर लेटर्स. एवरीथिंग: नॉट डिसेबल्ड. नॉट डिफ्रेंटली एबल्ड. सिम्पली - एबल' विषय को उसके मूल स्वरूप में प्रस्तुत करती है।

कार्यक्रम में भारत और दुनिया भर से 500 से अधिक शिक्षक, प्राचार्य, स्कूल निदेशक, शिक्षाविद और विचारक शामिल हो रहे हैं। यह कार्यक्रम भारतीय स्कूलों से दिव्यांगजनों के लिए केवल सुविधाएं उपलब्ध कराने से आगे बढ़कर, शिक्षा व्यवस्था और कक्षाओं को शुरुआत से ही सभी के लिए समावेशी रूप में तैयार करने का आह्वान कर रहा है।

# मुद्रा प्रदर्शनी में उमड़ा जनसैलाब, पहले ही दिन सैंकड़ों दर्शकों ने देखे दुर्लभ सिक्के और नोट

**उदयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

उदयपुर शहर के अशोका ग्रीन में आयोजित मुद्रा प्रदर्शनी पहले ही दिन जबरदस्त जनआकर्षण का केंद्र बन गई। सुबह से शाम तक प्रदर्शनी में लोगों का लगातार तांता लगा रहा और सैंकड़ों दर्शकों ने दुर्लभ सिक्कों, पुराने नोटों, डाक टिकटों तथा एंटीक वस्तुओं का अवलोकन किया। प्रदर्शनी परिसर में हर गैलरी पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। कई स्थानों पर दर्शकों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। आज प्रातः प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

आयोजक संदीप जैन ने बताया कि देशभर के कॉइन कलेक्टर्स और संग्रहकर्ताओं द्वारा प्रदर्शित अनमोल संग्रह ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदर्शनी में एक और दो रुपये के पुराने नोट, विभिन्न रियासतों के सिक्के, मुगलकालीन एवं ब्रिटिशकालीन मुद्राएं, स्वतंत्रता पूर्व और स्वतंत्रता के बाद जारी दुर्लभ नोट तथा ऐतिहासिक डाक टिकट लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने रहें। सबसे अधिक उत्साह युवाओं और विद्यार्थियों में देखने को मिला। वे संग्रहकर्ताओं से सिक्कों और नोटों के इतिहास, उनकी दुर्लभता और संग्रहण की जानकारी लेते नजर आए। परिवारों ने भी बच्चों को भारतीय इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में प्रदर्शनी का भ्रमण किया।

प्रदर्शनी में लगभग 1500 से 2000 वर्ष पुराने सिक्कों के अलावा पुराने ग्रामोफोन, कैमरे, टाइपराइटर, ऐतिहासिक दस्तावेज, प्राचीन धार्मिक चित्र, डाक सामग्री और अनेक एंटीक वस्तुओं का दुर्लभ संग्रह भी प्रदर्शित किया गया है, जिसे देखने के लिए पूरे दिन दर्शकों की भीड़ लगी रही।

# स्व निंदा उत्थान का, परनिंदा पतन का मार्गः मुनि तत्व रुचि 'तरुण'

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

निंदा को घृणित माना जाता है। जैन दर्शन में निंदा को घृणास्पद और आदरास्पद दोनों माना है। परनिंदा घृणास्पद है, स्व निंदा आदरास्पद है। परनिंदा पतन का, स्व निंदा उत्थान का मार्ग है। आत्म निंदा करने वाला अपनी भूलों के प्रति अनादर का भाव प्रकट करता है। जिससे प्रायश्चित का भाव जागता है। जो आत्म शुद्धि में निमित्त बनता है।

ये विचार आचार्य श्री महाश्रमणजी के विद्वान सुशिष्य मुनि तत्व रुचि 'तरुण' ने शुक्रवार को अणुविभा केन्द्र मालवीय नगर में धर्मसभा के बीच आध्यात्मिक प्रवचन करते हुए व्यक्त किये। मुनिश्री ने स्व निंदा को तप की संज्ञा देते हुए




कहा- आत्म निंदा कठिन साधना है। इसमें अपने अहं भाव को त्यागना होता है।

इस अवसर संत संभव कुमार ने कहा- आदमी परनिंदा में सदैव तत्पर रहता है। उसे स्व निंदा करना तो दूर सुनना भी पसंद नहीं। परनिंदा परस्पर की कटुता का एक बड़ा कारण है। आपसी संबंधों और परिवारों के टूटने की बड़ी वजह है- परनिंदा। परनिंदा हानिकारक, आत्मनिंदा हितकारी है।

इस अवसर मौके पर मुनिश्री ने जैन तत्व विद्या के अन्दर आने वाले रुपी-अरूपी अजीव के भेदों की चर्चा की। साथ ही 'भरत मुक्ति' नामक गेय व्याख्यान के माध्यम से बताया कि जैन धर्म की वर्तमान चौबीसी के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभ इस अवसर्पिणी काल के पहले साधु, उनका पोता श्रेयांस कुमार प्रथम भिक्षा दाता कहलाया।

धर्म सभा में सर्वप्रथम तीर्थंकर श्रेयांस प्रभु की स्तुति की गयी। तप, जप, ध्यान से भी उपस्थित जनता लाभान्वित हुयी। मंगल मंत्र के साथ कार्यक्रम का मधुर समापन हुआ।

**बीएफएल एसेट फिनवेस्ट लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 1, तारानगर, अजमेर रोड, जयपुर-302006, फोन : 9214018877

CIN: L45201RJ1995PLC010646, W: www.bflfin.com, E: bfldevelopers@gmail.com

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैण्डएलॉन गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरणों का सार भारतीय लेखा मानको ( आईएनडी-एएस ) के अनुपालन में तैयार

( प्रति अंश डाटा को छोड़कर रु. लाखों में )

| विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2026 ( गैर अंकेक्षित ) | समाप्त तिमाही 30.06.2025 ( गैर अंकेक्षित ) | समाप्त वर्ष 31.03.2026 ( अंकेक्षित ) |
|---|---|---|---|
| परिचालनों से कुल आय | 1349.03 | 962.95 | 1982.15 |
| अवधि का शुद्ध लाभ/( हानि ) ( कर, असाधारण और/ या असाधारण वस्तुओं से पहले ) | 1249.92 | 659.48 | -559.85 |
| कर के पहले शुद्ध लाभ/( हानि ) ( असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं के बाद ) | 1249.92 | 659.48 | -559.85 |
| कर के बाद शुद्ध लाभ/( हानि ) ( असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं के बाद ) | 1249.92 | 659.48 | -557.66 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय एवं अन्य व्यापक आय ( कर के बाद ) के लिए लाभ/हानि | 1249.92 | 659.48 | -557.66 |
| प्रदत्त समता अंश पूंजी आय प्रति शेयर ( रु. 10/- प्रति का ) | 1020.35 | 1020.35 | 1020.35 |
| रिज़र्व ( पूर्व लेखा वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार पूनर्मूल्यांकन रिजर्व के अतिरिक्त ) | - | - | 22.12 |
| आय प्रति शेयर ( रु. 10/- प्रति का ) ( संचालन जारी रखने और बंद करने के लिए ) 1 मूल 2 तरल | 12.25 | 6.46 | -5.47 |

टिप्पणी : ( 1 ) उपरोक्त विवरण 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है जिसकी शुक्रवार, 07 अगस्त 2026 को आयोजित संबंधित मीटिंगों में अंकेक्षण समिति ने उपरोक्त परिणामों की समीक्षा की है एवं निदेशक मण्डल ने उपरोक्त परिणामों को मंजूरी दे दी है। सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड ( सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर किया गया। समाप्त तिमाही के गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाईट www.bflfin.com पर उपलब्ध है। ( 2 ) कंपनी के गैर अंकेक्षित स्टैण्डअलोन वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों ( "आईएनडी-एएस" ) के अनुसार कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित किए गए है।

दिनांक : अगस्त 07, 2026
स्थान : जयपुर

वास्ते- बीएफएल एसेट फिनवेस्ट लिमिटेड
ह. महेन्द्र कुमार बैद ( प्रबन्ध निदेशक ) DIN:- 00009828